Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to release scholarship to girl students of senior secondary schools in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan

श्री हरीश मीना (दौसा) ः मैं केद्र व राजस्थान राज्य सरकार का ध्यान केद्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग व गरीब वर्गों के छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियों की ओर आकर्षित करना चाहूँगा।

केद्र सरकार शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु स्कूल में पढ़ रहे अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़े व गरीब वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यह सहायता राज्य सरकार के माध्यम से छात्रों तक पहुँचाई जाती है।

मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा की राजकीय उच्च माध्यमिक बालिक विद्यालयों का दौरा करने पर ज्ञात हुआ कि केद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियों का लाभ गरीब छात्राओं को पिछले दो वऐाॉ से नहीं मिल पा रहा है, जोकि छात्राओं के भविऐय के साथ खिलवाड़ स्वरूप है। इसके निराकरण के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी व संबंधित मंत्रियों को पत्र लिख जल्द छात्राओं को छात्रवृत्ति से लाभान्वित करने हेतु अनुरोध किया था।

अतः मैं केद्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि कृपया इस मामले पर गौर करें और सभी राज्य/संघ शासित सरकारों को आवश्यक सूचनाएँ जारी करें ताकि केद्र सरकार द्वारा जारी राशि का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके व इसकी निगरानी रखे कि आवंटित राशि उचित तरीके से उपयोग की जाए और यह समय पर जरूरतमंद छात्रों तक पहुँचे।